समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# सड़कों पर घूम रही गौमाताओं के संरक्षण हेतु ज्ञापन सौंपा गया, जल्द होगा समाधान

suaibkhan608@gmail.com
Published on 12 Sep 2025



स्थानीय नगर पंचायत और आसपास के क्षेत्रों में **सड़कों पर घूम रही गौमाताओं से हो रही दुर्घटनाओं और जनधन की हानि** को देखते हुए शुक्रवार को एक ज्ञापन सौंपा गया।

स्वामी विवेकानंद सेवा आश्रम के **राजेश्वर प्रसाद गुप्ता (राजू आढ़ती)** और नगर पंचायत स्वच्छता मिशन के **ब्रांड एंबेसडर जितेद्रं कुमार चंद्रवंशी** ने खंड विकास अधिकारी दुद्धी **राम विशाल चौरसिया** को पत्र सौंपते हुए सड़कों पर आवारा घूम रही गायों के संरक्षण की मांग रखी।

समस्या का ब्यौरा

पत्र में कहा गया कि **एनएच-39 दुद्धी–लुंबिनी मार्ग** समेत कई सड़कों पर छुट्टा घूम रही गौमाताएं अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। कई राहगीर अपनी जान गंवा चुके हैं। साथ ही, प्लास्टिक और कचरे का सेवन करने से गायें गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रही हैं।

गौशाला में सुरक्षा की मांग

ज्ञापन में बताया गया कि मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** की पहल पर ग्राम **रजखड़** में अत्याधुनिक गौशाला का निर्माण किया गया है। मांग की गई कि इस गौशाला को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से संचालित कर छुट्टा घूम रही गौमाताओं को सुरक्षित रखा जाए।

प्रशासन का आश्वासन

खंड विकास अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि **1-2 माह मे पंानी की व्यवस्था और हाईटेशंन तार हटाने का कार्य पूरा होते ही गौशाला पूरी तरह से संचालित** कर दी जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा:

- सड़कों पर पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर **विधिक कार्रवाई** की जाएगी।
- अब पशुपालकों को प्रत्येक गाय के रखरखाव हेतु **₹40 प्रतिदिन सीधे बैकं खाते मे** दिए जाएंगे।
- गौशाला में लाई गई गौमाताओं को इच्छुक किसानों को **निःशुल्क उपलब्ध** कराया जाएगा।

सकारात्मक परिणाम की उम्मीद

इस पहल से न केवल सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि गौमाताओं को भी बेहतर **चारा, दाना-पानी और देखभाल** मिल सकेगी। जल्द ही गौशालाओं में गायों को भेजने की प्रक्रिया तेज होगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले पशुपालकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/suaibkhan608@gmail.com, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.